an>

Title: Regarding problems of contractual labourers of Khetri Copper Complex in Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुन्झुनू): आदरणीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करना चाहती हूं।

महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र में राष्ट्र हित का एक संस्थान - हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड चल रहा है, जहां का तांबा सर्वोत्कृष्ट क्वॉलिटी का है। गत वर्ष सरकार ने उसको निजी हाथों में दे दिया था। 15 दिनों से वहां के जो बेचारे दिहाड़ी मजदूर हैं, जो अल्प वेतन भोगी लोग हैं, उनको हड़ताल पर बैठने के लिए मजबूर होना पड़ा है। न उनको वेतन मिल रहा है, न उनको चिकित्सिकीय सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहती हूं कि वह इस मामले में हस्तक्षेप करे। मजदूरों के हितों का संरक्षण करना भी हमारा काम है। वे छोटे लोग हैं। कंपनी को जो सुविधाएं देनी चाहिए, उनको वे सुविधाएं दिलवाने में आप मेरी मदद करें। मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष: कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।